हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 5 अप्रैल 2026

06 विधायक ने बस स्टैंड, सुभद्रा शर्मा कन्या...



09 ऋषि मुनियों की तपस्थली नसियां जी के नाम से...





## खबर संक्षेप

### बेतवा उदगम पुनर्जीवित करने बेब मीटिंग आज

**विदिशा।** बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए बेतवा नदी पर लगातार चिंता करने वाले समूह के द्वारा रविवार सुबह बेब मीटिंग की जाएगी। प्रख्यात गांधीवादी आरके पालीवाल और डॉ सुरेश गर्ग व झिरी में श्रमदान करने वाले इस बेब मीटिंग में शामिल होंगे। https://meet.google.com/jkt-nwha-qjn मीटिंग में शामिल होने के लिए रविवार की सुबह 8:30 बजे इस लिंक का उपयोग कर सकते हैं।

### आज परशुराम जयंती की तैयारियों को लेकर बैठक

**विदिशा।** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती की तैयारियों को लेकर युवा ब्राह्मण विकास परिषद होमगार्ड मंदिर पेढ़ी चौक पर रविवार को बैठक होगी। विजय दीक्षित और मानवेंद्र शर्मा के अनुसार 5 अप्रैल की शाम 4 बजे बैठक होगी। बैठक में शामिल होने के लिए युवा ब्राह्मण परिषद के समस्त सदस्यों और पदाधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### जिला शतरंज संघ की बैठक आज होगी

**विदिशा।** रविवार सुबह 10 बजे मगधम इंटरनेशनल स्कूल में जिला शतरंज संघ की बैठक होगी। बैठक में जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष सौमिल पलोड़ सहित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। ओलंपिक संघ के दिलीप थापा ने सभी से बैठक में उपस्थित होने की अपील करते हुए बताया है कि बैठक में राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन के संबंध में चर्चा होगी।

### टीईटी विरोध, शिक्षक 8 को निकालेंगे रैली

**विदिशा।** शनिवार की शाम को सावरकर बाल विहार में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की बैठक में तय किया गया है कि 8 अप्रैल को जिला स्तरीय ज्ञापन एवं रैली निकाली जाएगी। जिसकी तैयारी के लिए एकत्रित हुए सभी पदाधिकारी ने यह निर्णय लिया कि 8 अप्रैल कि पूरे जिले के शिक्षक साथी रैली नीमताल चौराहे गांधी प्रतिमा पर सभी लोग एकत्रित होंगे। वहां से नई कलेक्ट्रेट तक रैली निकालेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से पृथ्वी सिंह रघुवंशी, विजय श्रीवास्तव, राजेश इलिया, राजेश दीक्षित, चंद्रभूषण किरार, नवल रघुवंशी, लोकेश श्रीवास्तव, कृष्ण गोपाल राय, सुनील रघुवंशी, प्रताप सिंह लोधी, सौदान सिंह सूर्यवंशी, शिवराम शर्मा, शिवराज सूर्यवंशी, अरुण रघुवंशी, विनोद श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

### भूसा से भरी ट्राली से हुआ एक्सीडेंट, दो घायल

**विदिशा।** शमशाबाद-करारिया रोड स्थित ग्राम सुल्तनिया के समीप एक बाइक सवार भूसे से भरी ट्राली से टकराकर घायल हो गए। घायल एक महिला और पुरुष हैं। गांव के सरपंच प्रीतम सिंह ने एंबूलेंस से तत्काल घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया है। गांव वालों का कहना है कि प्रतिबंध होने के बावजूद भूसे से भरी ट्रालियों से परिवहन किया जा रही है। इससे बाइक सवारों को सड़क ही नजर नहीं आती है और इस तरह हादसे हो जाते हैं। गांव के सरपंच प्रीतम सिंह पंथी का कहना है कि घायल महिला पुरुष बोल नहीं पा रहे थे इसलिए उनकी पहचान नहीं हो सकी। घायलों की बाइक हीरो डीलक्स है और उसका नंबर एमपी-04 एमडब्ल्यू 5575 है।

### होमगार्ड जवान, परिजनों का हुआ हेल्थ चेकअप

**विदिशा।** होमगार्ड जवानों तथा उनके परिजनों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, 100 से अधिक जवानों तथा उनके परिजनों की हेल्थ चेकअप किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड मयंक कुमार जैन, प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे, एएसआई लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा द्वारा शिविर में से आए चिकित्सकों एवं स्टॉफ का सर्वप्रथम तिलक एवं पुष्प भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। शिविर का उद्देश्य सेहत जागरूकता रहा।

---

### कम संख्या वाले स्कूल बंद जरूर हो रहे हैं लेकिन इसमें भी अच्छी खबर है

# 5 से कम छात्र संख्या वाले जिले के स्कूल होंगे बंद, नजदीक के स्कूल में होंगे मर्ज

*विदिशा तहसील के यह वह स्कूल हैं जो शीघ्र ही बंद हो सकते हैं। विघन में 3 छात्र थे लेकिन 2 पांचवी पास हो गए तो अब 1 ही बचा है। सूरोद में 4, ऊमरखेड़ी में 4, सनगाखेड़ी में 5, सगोदा ब्राह्मण में 4, रामगढ़ में 4, परसौरा हवेली में 2, परासीखुर्द में 4, पांच में 5, नहरयाई में 1, अमाछार में 2, भियांखेड़ी में 3, छापखेड़ा में 5, धारू खेड़ी में 4, दल्लाखेड़ी में 5, घाटपिपरिया में 5, ग्रंट सुनगाखेड़ी में 2, इकोदिया में 4, कछवा में 3, काछीखेड़ा में 4, खरी में 5, मडिया खुर्द 2, करैयाखेड़ा में 4, नागपिपरिया में 4 हैं।*



विदिशा से लगे हुए विघन गांव की प्रायमरी शाला में इस वर्ष मात्र तीन बच्चे ही दर्ज थे। इस बार परीक्षा के बाद कक्षा पांचवी में पढ़ने वाले दो बच्चे उत्तीर्ण होकर आगामी कक्षा में चले गए हैं। अब ऐसे में मात्र एक ही विद्यार्थी स्कूल में बचा है। इस एक बच्चे को पढ़ाने के लिए शाला में दो शिक्षक पदस्थ हैं। शिक्षक का कहना है कि गांव में बच्चे नहीं हैं।

#### समीप के स्कूल आने जाने का परिवहन खर्च उठाएगा शासन

कलेक्टर अंशुल गुप्ता का कहना है कि ऐसी शालाओं को चिन्हित किया गया है, जहां पांच या इससे कम छात्र पढ़ रहे हैं। इन शालाओं में एक या दो से अधिक शिक्षक भी पदस्थ हैं। ऐसे बच्चों को पढ़ाई का बेहतर वातावरण मुहैया कराए जिससे उन बच्चों का भी समग्र विकास हो सके। इसके लिए कम संख्या वाले स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को समीप की शालाओं में प्रवेश दिलाया जाएगा। प्रतिदिन स्कूल आने जाने का भार उनके पालकों पर न आए इसके लिए शाला में खर्च होने वाली राशि से परिवहन खर्च दिया जाएगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा जिले में पांच से कम छात्र संख्या वाले 54 शासकीय विद्यालय ऐसे हैं, जिन्हे समीपस्थ शाला में मर्ज किए जाने की कवायद कागजों में शुरु हो गई है। ऐसे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को समीप के शासकीय स्कूल में प्रवेश दिलाया जाएगा। ऐसे बच्चों का स्कूल तक आने जाने का खर्च भी शासन वहन करेगा।

बंद होने वाली शालाओं के बच्चों को भी परेशानी न आए इसके लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने तय किया है कि प्रत्येक शाला के मेंटेनेंस के लिए वर्ष में 15 हजार रुपय खर्च के लिए दिए जाते हैं। इस राशि का उपयोग बंद होने वाली शालाओं के बच्चों के परिवहन पर खर्च किया यजाएगा। इसी तरह संबंधित स्कूल में पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी समीप के स्कूल में पदस्थ किया जाएगा। इससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो और छात्रों को भी इसका लाभ मिल सके। इन शासकीय विद्यालयों में दो और अधिक शिक्षक तक पदस्थ हैं। इन स्कूलों को फरवरी माह में ही चेतावनी दी गई थी कि अगर स्कूल बचाना है तो छात्र संख्या कम से कम 15 होना चाहिए।

स्कूलों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनवाया जा रहा है। अभि फिलहाल मौका है कि यदि ऐसे शिक्षक मेहनत कर लें और छात्र संख्या न्यून्तम हो जाए तो उनकी शाला बंद होने से बच जाएगी। डीपीसी ने जनपद पंचायत सीईओ को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि इन विद्यालयों को समीप की शाला में मर्ज किया जा रहा है। ऐसे में बंद होने जा रहे स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों को समीप के शासकीय स्कूल तक आने जाने वाहन का इंतजाम करें। इसके लिए शासन द्वारा खर्च किए जाने का उल्लेख भी किया गया है।

#### जिले में 5 से कम छात्र संख्या वाले स्कूल

जिले के ऐसे शासकीय विद्यालय जहां छात्रों की संख्या 5 से कम बची है। गंजबासौदा ब्लॉक की जीपीएस सेटेलाइट बड़वासा में 3 और जीपीएस दूसरी शाला में 5 छात्र हैं।

बेंहटा में 5, जीवाजीपुर में 4, मेवली में 3, बिलवाय में 2, रेठारी में 4, मड़ देवरा में 2, कालाखेत में 5 छात्र हैं। ग्यारसपुर ब्लॉक में हाटखेड़ी में 2, चक्क सुमेरपुर में 3, बसिया कला में 4 छात्र ही बचे थे। कुरवाई विकासखंड अंतर्गत ग्राम बीलाखेड़ी में 5, बुखारा में 5, फुटेरा में 3, जुनैहाखेड़ी में 1, मिथोली में 3, शाहपुर में 4 बच्चे ही बचे हैं। लटेरी विकासखंड में करीलपुर प्राथमिक शाला में 3 छात्र संख्या ही बची है। नटेरन विकासखंड अंतर्गत बूढ़ाखेड़ा में 1, खैराई में 5, लालकुआं में 5, महुआ डोंगरी में 3, नौराजखेड़ी में 3, सींगाढाना में छात्र संख्या मात्र 1 ही की जानकारी है। इसी तरह सिरोंज विकासखंड अंतर्गत ग्राम बड़ी सुमेर में 3, बरखेड़ा केदार में 5, बुडेना में 2,करेरा मदागन में 2 और प्राथमिक शाला ग्राम कठोतिया मेंछात्र सख्या 3 ही है यह जानकारी हे।

---

## अरिहंत विहार में सोना चांदी चोरी, पीतल मिल क्षेत्र से घी टीवी ले उड़े



**पीतल मिल क्षेत्र में एक मकान में घुसे चोरों ने 15 किलो घी और टीवी तक ले गये।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अरिहंत विहार कॉलोनी में रहने वाले संजीव जैन के सूने मकान में घुसे चोरों ने ताला तोड़कर पहली और दूसरी मंजिल की अलमारियों से सोना चांदी के जेवर सहित नगदी चुराने की वारदात को अंजाम दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र की अरिहंत विहार कॉलोनी में रहने वाले संजीव जैन अपने परिवार सहित बेगमगंज में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वे 31 मार्च की शाम को रवाना हुए थे लेकिन 3 अप्रैल की शाम को घर पहुंचे तो टूटे ताले और बिखरा हुआ सामान देखकर चौंक गए। संजीव जैन के अनुसार चोरों ने ताला तोड़कर उनके घर में रखे 15 तौला सोने के जेवर और करीब 1 किलो चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। साथ ही 15 हजार रुपये नगदी चोरी की बात भी पुलिस को बताई है।

इसके अलावा सिविल लाइन थाना अंतर्गत मुक्तांगन कॉलोनी में रहने वाले किराए के मकान में रहने वाले घनश्याम सिंह दांगी कराखेड़ी निवासी के ताला तोड़कर 50 हजार रुपये कीमती चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। घनश्याम सिंह दांगी के अनुसार चोरों ने उनके घर में रखा करीब 15 किलो देशी घी और टीवी तक चोरी कर ले गए।

इसके पहले ही अरिहंत विहार कॉलोनी में एक दिन पहले ही हनुमान जयंति के बाद रात में दानपेटी तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। चोर करीब 10 हजार रुपये चोरी कर ले गए। कोतवाली टीआई आनंद राज का कहना है कि संजीव जैन के घर में चोरी की वारदात का पता लगाएंगे। सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

---

## ग्रामीणों की सतर्कता से तीन संदिग्ध हथियार सहित धराए

### लटेरी के कंचनपुर गांव में वारदात को अंजाम देने पहुंचे संदिग्धों को पुलिस ने हथियारों सहित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

विदिशा जिले के लटेरी क्षेत्र में ग्रामीणों की सूझबूझ और सतर्कता के चलते कंचनपुर गांव में एक बड़ी वारदात होने से टल गई।

ग्राम कंचनपुर में देर रात घूम रहे तीन संदिग्ध युवकों को ग्रामीणों ने घेराबंदी कर पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए आरोपियों में नीलेश राजपूत, हर्ष प्रजापति सहित अन्य नाबालिग शामिल हैं। चर्चा है कि गांव के तोफान सिंह अपने भतीजे के साथ बाइक से आ रहे थे तभी अगरा पठार की पुलिया के पास उन्हे रोकने का प्रयास किया था। इसके बाद तोफान सिंह संदिग्ध युवकों के बार में गावं के सरपंच प्रीतम सिंह यादव को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों को उनकी गतिविधियों पर शक हुआ, जिसके बाद ग्रामीणों ने एकजुट होकर तीनों को पकड़ लिया। तुरंत लटेरी पुलिस को सूचना दी गई, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुँची और तीनों युवकों को हिरासत में



लेकर थाने लाई। पकड़े गए युवकों की तलाशी के दौरान हथियार बरामद हुए।

उनके पास से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, एक खटकेदार चाकू, एक टामी (लोहे की रॉड) जब्त की गई है। लटेरी पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट सहित अन्य सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। उक्त युवकों से अवैध हथियार बरामद हुए हैं मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों से पूछताछ जारी है ताकि उनके इरादों का पता लगाया जा सके।

---

## शराब दुकान गली में शिफ्ट, साहब वहीं रहने दिया जाए- ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शेरपुरा पीतल मिल चौराहे पर स्थित शराब दुकान को नई जगह शिफ्ट किए जाने पर रहवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन का आभार माना और दुकान को वहीं गली में रहने दिया जाए यह मांग भी रखी। पीतल में चौराहे पर पिछले तीन सालों से संचालित हो रही शराब दुकान को इस बार नए ठेके के साथ कुछ आगे ले जाकर में रोड से गली में अंदर शिफ्ट किया गया है जिससे क्षेत्र के सभी दुकानदार और



रहवासी खुश हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि दुकान को दोबारा पुरानी जगह पर शिफ्ट करने की चर्चाएं चल रही है जिसका वह विरोध कर रहे हैं इसके लिए यदि उन्हें घर में प्रदर्शन करना पड़े तो वह करेंगे जरूरत पड़ेगी तो आत्महत्या भी कर लेंगे।

---

## मलखंब में पौआनाला के श्लोक आदिवासी ने तृतीय स्थान पाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ग्राम पौआनाला के मलखंब खिलाड़ी श्लोक आदिवासी प्रदेश टीम में चयनित होकर 'खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स' में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

श्लोक पिछले कई वर्षों से पालन सेवा फाउंडेशन के मार्गदर्शन में मलखंभ का नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने पिछले वर्ष भी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। ग्राम पौआनाला के लिए यह गौरव का बात है। पहली बार गांव का कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा और उपलब्धि हासिल की। श्लोक की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में



हर्ष और उत्साह का वातावरण है। श्लोक की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। पालन सेवा फाउंडेशन की समस्त टीम की ओर से श्लोक को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

---

### चौकीदार की वर्दी में आए ग्राहक ने की धोखाधड़ी

**विदिशा।** बरईपुरा चौराहे पर स्थित एक किराना दुकान पर चौकीदार की वर्दी पहने व्यक्ति ने सामान लेकर नहीं दिए पैसे। मोबाइल पर स्क्रीनशॉट दिखाकर ऑनलाइन पेमेंट करने बात कहकर व्यक्ति चला गया। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरईपुरा चौराहे पर स्थित एक किराने की दुकान पर नीली वर्दी पहने व्यक्ति पहुंचा जो खुद को पुलिस से जुड़ा हुआ बता रहा था। उक्त व्यक्ति में तेल की केन और कुछ अन्य सामान खरीदा 2640 रुपए का बिल बना। इस राशि का उक्त व्यक्ति द्वारा मोबाइल पर स्क्रीनशॉट दिखाकर पेमेंट क्लियर होने की बात कही। ऑनलाइन पेमेंट को जब दुकानदार ने बाद में चेक किया तो पेमेंट उसके पास नहीं पहुंचा। धोखाधड़ी होने के बाद दुकानदार संतोष ठाकुर शिकायत लेकर कोतवाली थाने में पहुंचा। थाना प्रभारी आनंद राज ने सूचना मिलते हैं पुलिस वालों को मौके पर भेजा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खोजने और उक्त व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

---

## भाजपा आज से 12 अप्रैल तक मनाएगी स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सोमवार 6 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर 5 से 12 अप्रैल तक जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिलास्तर से लेकर बूथस्तर तक आयोजित सभी कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने कहा कि यह हम सभी के लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाता है। देशभर में करोड़ों कार्यकर्ता इसे हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए "सेवा भाव" एवं "राष्ट्र प्रथम" के मूल मंत्र के अनुरूप संगठन के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण का संकल्प लेते हैं। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

---

### शिशु विभाग में प्रत्येक शनिवार विशेष ओपीडी संचालित की जा रही

# ऑटिज़्म पीड़ित को सामाजिक मेलजोल और नजरें मिलाकर बात करने में कठिनाई महसूस होती, इसे समझें: डॉ एमके जैन

***आईएपी विदिशा के सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि व्यवहार और संचार आधारित थैरेपी बच्चों को दैनिक कौशल सिखाने में मददगार है। उपाध्यक्ष डॉ शरद गेडाम ने विशेष शिक्षा, शारीरिक गतिविधियों और जरूरत पड़ने पर दवा उपचार की भूमिका बताई।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

ऑटिज़्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क से जुड़ी आजीवन विकासात्मक स्थिति है, जिसमें व्यक्ति के सोचने, समझने और संवाद करने के तरीके में भिन्नता होती है।

यह बात कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने कहते हुए विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस पर इंडियन अकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स और मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संगोष्ठी-सह-कार्यशाला को संबोधित किया।



अखिल भारतीय शिशु अकैडमी के एग्जीक्यूटिव बोर्ड सदस्य डॉ एमके जैन ने कहा कि ऑटिज़्म से पीड़ित बच्चों को समझने और स्वीकार करने की जरूरत है, क्योंकि हर जीवन मूल्यवान है। उन्होंने संभावित कारणों में आनुवंशिकता, गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं, समयपूर्व जन्म और कम जन्म वजन जैसे कारकों का उल्लेख किया। आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और शिशु विभाग की प्रमुख डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि ऐसे बच्चों को सामाजिक मेलजोल, आंखों से संपर्क और संवाद में कठिनाई हो सकती है। नियमित फिजियो, स्पीच और ऑक्यूपेशनल थेरेपी से सुधार संभव है। अंत में डॉ मोनिका सिंगार ने आभार व्यक्त किया।

---

## 10 अप्रैल से गेंहू खरीदी शुरू न हुई तो कांग्रेस करेगी उपवास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मानने की घोषणा कर रहे है। लेकिन सरकार समय पर किसानों का गेहूं तक नहीं खरीद पा रही, जिससे किसान कर्ज के बोझ से जूझ रहा है।

उक्त आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने 11 अप्रैल से नीमताल गांधी प्रतिमा के समकक्ष उपवास पर बैठने की घोषणा की है। मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया की 1 अप्रैल से एमएसपी पर खरीदी का दावा करने वाली सरकार आज तक किसानों की उपज की तुलाई नहीं करा पाई। मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया की एक ओर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सदन में कहते हैं कि किसानों की आय 8 गुना हो गई है, फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। आज प्रदेश का किसान कर्ज में डूबा है। कर्ज की किश्त भरने की तारीख निकल गई है, लेकिन मोहन यादव सरकार की लापरवाही के चलते उसे कम दाम में अनाज बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। रघुवंशी ने कहा की देश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से आते हैं, लेकिन इसके बावजूद किसानों के लिए न सुरक्षा है, न संवेदना, न किसानों की समस्याओं का समाधान। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया की जिला कांग्रेस अध्यक्ष कांग्रेसजनो के साथ 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से नीमताल गांधी प्रतिमा के समक्ष उपवास पर बैठेंगे।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4210
उच्चतम भाव-5820
सरसों
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7520
चना
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5460
मसूर
न्यूनतम भाव-3660
उच्चतम भाव-8330
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-4085
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1983
उच्चतम भाव-3198
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-1950
उच्चतम भाव-2290
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2840
उच्चतम भाव-3260
मूंग
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-5400
अलसी
न्यूनतम भाव-7290
उच्चतम भाव-7290
धनिया
न्यूनतम भाव-8900
उच्चतम भाव-10500
धान
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-3600
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-4000
मक्का
न्यूनतम भाव-1425
उच्चतम भाव-1480
मटर
न्यूनतम भाव-3740
उच्चतम भाव-4080

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 32123 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# हाईवोल्टेज मुकाबले में विजेता टीम को मिलेंगे दो लाख, उपविजेता को एक लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

कभी-कभी खेल सिर्फ खेल नहीं रहता वह भावनाओं का उत्सव बन जाता है। नगर में होने जा रहा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट ऐसा ही एक आयोजन है, जहां क्रिकेट के हर शॉट में एक शिक्षक और क्रिकेट प्रेमी को श्रद्धांजलि दी जाएगी। क्रिकेट के दीवानों के लिए अब इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है।

शहर में पहली बार ऐसा आयोजन होने जा रहा है, जहां रात की रोशनी में चौकों-छक्कों की बरसात और गेंदों की गूंज से पूरा मैदान थर्राएगा। शिक्षक एवं क्रिकेट प्रेमी स्वर्गीय कपिल तिवारी की स्मृति में आयोजित सुपर चैंपियंस कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 अप्रैल से टीटी जैन पाठशाला ग्राउंड पर शुरू किए जाने की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। यह टूर्नामेंट पहला ऐसा आयोजन है, जहां खेल के साथ श्रद्धा और आस्था भी उतनी ही मजबूती से मैदान में उतरेंगी। मालूम हो कि स्वर्गीय कपिल तिवारी फाउंडेशन एवं बासौदा स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में तिवारी परिवार एवं मित्र मंडली द्वारा नगर में पहली बार



किसी शिक्षक और क्रिकेट प्रेमी की स्मृति में होने जा रहा भव्य आयोजन सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं, बल्कि एक श्रद्धांजलि है और क्रिकेट के प्रति उस प्रेम का उत्सव है, जो स्व तिवारी के व्यक्तित्व की पहचान रहा है। आयोजन की कमान संभाल रहे स्व. तिवारी के भाई गौरव "अप्पू" तिवारी ने बताया कि उनके भाई एक आदर्श शिक्षक के साथ-साथ क्रिकेट के बड़े प्रेमी थे। यह आयोजन उनके प्रति श्रद्धांजलि के रूप में भी है।

टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का चयन ऑक्शन प्रक्रिया के द्वारा होगा। टीम ओनर भी गंज बासौदा के अलावा विदिशा, कुरवाई, बीना, राहतगढ़, खुरई, शमशाबाद से शामिल रहेंगे। इस टूर्नामेंट में 16 टीमें और लगभग 240 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस आयोजन की एक और खास पहचान इसकी विशाल पुरस्कार राशि और सम्मान की परंपरा है। विजेता टीम को 2 लाख और उपविजेता को 1 लाख का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। लेकिन यहां बात सिर्फ राशि की नहीं है यहां बेस्ट खिलाड़ियों के लिए उपहारों की झड़ी लगेगी। टूर्नामेंट में बासौदा के अलावा विदिशा, बीना, कुरवाई, खुरई और राहतगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों की टीमें भाग लेंगी, जिससे यह आयोजन क्षेत्रीय क्रिकेट का केंद्र बन जाएगा। नगर के तारण तरण पाठशाला के मैदान में आयोजित हो रहे इस हाई-वोल्टेज टूर्नामेंट में 16 टीमें और करीब 240 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का दम दिखाएंगे। फ्लडलाइट्स की चमक में खेले जाने वाला नाइट मैच दर्शकों को आईपीएल जैसी रोमांचक अनुभूति देगा। जहां हर चौका तालियों की गूंज बनेगा और हर विकेट पर उत्साह चरम पर होगा। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 2 लाख और उपविजेता को 1 लाख रूपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा बेस्ट बैट्समैन को एलईडी टीवी, बेस्ट बॉलर को फ्रिज, मैन ऑफ़ द मैच में स्मार्ट वॉच और मैन ऑफ द सीरीज में इलेक्ट्रिक स्कूटी दी जाएगी। यह उपहार खिलाड़ियों के प्रदर्शन को और भी खास बनाएंगे। आयोजन समिति का मानना है कि यह टूर्नामेंट केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि युवाओं को मंच देकर खेल भावना का विस्तार करते हुए अनुशासन, टीमवर्क और खेल भावना का संदेश देने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। यह आयोजन आने वाले समय में क्षेत्र की क्रिकेट प्रतिभाओं को नई पहचान देने का काम करेगा।

### विधायक रघुवंशी के साथ एसडीएम और तहसीलदार रहे मौजूद

# विधायक ने बस स्टैंड, सुभद्रा शर्मा कन्या कॉलेज का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक ही दिन में नगर के दो स्थलों का औचक निरीक्षण किया। जिसमें मूलभूत सुविधाओं और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। जो कमियां पाए गई उन्हें तत्काल दुरुस्त करने और उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने एसडीएम अनुभा जैन, तहसीलदार अरविंद यादव एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शनिवार को नगर के महाराणा प्रताप बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। जिसमें बस स्टैंड की मूलभूत सुविधाओं, व्यवस्थाओं और साफ सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इसी दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने बस स्टैंड की बंद प्याऊ पर नाराजगी जाहिर की। जिसे तत्काल शुद्ध शीतल जल से संचालित करने के निर्देश दिए।





अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्याऊ की व्यवस्थित साफ सफाई और आसपास की समूची साफ सफाई का पुख्ता इंतजाम किया जाए। वहीं यात्रियों की व्यवस्थाओं का भी विशेष ख्याल रखा जाए। गर्मियों के दौरान यात्रियों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं का भी विशेष इंतजाम किया जाए। जिसका अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करते रहें। इसके बाद विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने नगर के शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिसमें महाविद्यालय के प्रबंधन एवं संचालन की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने महाविद्यालय के भवन, मैदान, कक्षों, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला और अन्य स्थान का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य और स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक व्यवस्थाओं को बेहतर से बेहतर किया जाए। प्रशासनिक अधिकारियों और कॉलेज के प्रबंधकों को व्यवस्थाओं और सुविधाओं को बेहतर करने के आवश्यक निर्देश दिए गए।

# प्रचार रथ को विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रायसेन में 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले उन्नत कृषि महोत्सव प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण आयोजन का प्रचार प्रसार हो सके, जिससे अधिक से अधिक किसानों को लाभ प्राप्त हो सके। इस उद्देश्य से विधानसभा बासौदा, ग्यारसपुर में प्रचार प्रसार हेतु प्रचार रथ को विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र मैना, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह रघुवंशी, कृषि सभापति लखन सिंह रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ एसडीएम अनुभा जैन, तहसीलदार अरविंद यादव, जनपद सीईओ तपस्या जैन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सूर्यभान सिंह थानेश्वर सहित अन्य कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर विधायक ने प्रचार रथ के साथ पीले चावल रखवाकर आमंत्रित करने हेतु कृषकों को देकर कृषि महोत्सव कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए किसान भाईयों से अपील की। जिससे कृषकगण भाग लेकर उन्नत कृषि तकनीकी व उन्नत कृषि यंत्रों की जानकारी लेकर अपना और देश का विकास कर सकें।

## खबर संक्षेप

### पांचवे दिन भी जारी रहा धरना प्रदर्शन




गंजबासौदा। मंगलवार से रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जो पांचवे दिन शनिवार को भी जारी रहा। उल्लेखनीय है कि शराब दुकान व्यस्त क्षेत्र में स्थित है। पास ही प्राचीन श्री राम जानकी, हनुमान मंदिर है, साथ ही समीप ही रेलवे स्टेशन होने के कारण महिलाओं और नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है। धरने में शामिल युवाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं लेकिन आज तक दुकान को नहीं हटाया गया।

## कक्षा 3 की शिवांगी ने किया स्कूल में टॉप




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

स्कॉलर पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल की कक्षा 3 की छात्रा शिवांशी शर्मा उर्फ भक्ति ने वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि भक्ति और पढ़ाई साथ-साथ चलें तो सफलता निश्चित होती है। गांधी चौक निवासी पंडित अंकुर माधव शर्मा की पुत्री शिवांशी बचपन से ही राम नाम संकीर्तन और सत्संग से जुड़ी हुई हैं तथा नियमित रूप से इसमें भाग लेती हैं। 5 साल से घर पर चल रहे सुबह और शाम के तीन-तीन घंटे के सीताराम संकीर्तन के दौरान अपनी मधुर और भावपूर्ण वाणी से वह ऐसा वातावरण बना देती हैं कि श्रोता भावविभोर हो उठते हैं।

परिवारजनों का कहना है कि राम नाम जप ने शिवांशी की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास को बढ़ाया है, जिसका सीधा असर उनकी पढ़ाई पर दिखाई दे रहा है। शिवांशी की इस सफलता पर परिजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## साहित्यकार संघ की काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन




न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को बाबूलाल चाचा साहित्यकार भवन में नगर के सृजनशील साहित्यकारों द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉक्टर आरके जैन द्वारा की गई एवं संचालन चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा किया गया। गोष्ठी का प्रारंभ गायक कलाकार मेहताब सिंह द्वारा फिल्म बैजू बावरा के अमर गीत जो भक्ति रस से परिपूर्ण है मन तड़पत हरि दर्शन को आज को अपने मधुर कंठ से गया तो सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज गया। युवा गजलकार कमलेश बंसल ने अपनी दिलकश आवाज में कहा कि चंद लम्हों की रोशनी के लिए एक चिराग की तरह जलाए बुझाये गए हम। युवा गीतकार महेंद्र भार्गव ने मनमोहक गीत सुनाते हुए कहा कि गंगा सी पवन हो तुम, मेरा तो सावन हो तुम। वरिष्ठ साहित्यकार ऋषभ बिंदास ने वर्तमान परिदृश्य को रेखांकित करते हुए कहा कि खुशियां कम गम बहुत है, देखो लोग हैरान बहुत है।

रक्त सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश जैन विद्युत ने लोक कहावत को केंद्र में रखकर कहा कि सुख चाहो तो दो बातों को गांठ दो, झांकी लगाना छोड़ दो और झांकना भी छोड़ दो। कार्यक्रम का संचालन करते हुए चंद्र कुमार तारण ने कहा कि अपने समय का सच कहती है कविता, जन-जन के मन में रहती है कविता। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. आरके जैन ने वर्तमान के वर्धमान आचार्य श्री को याद करते हुए कहा कि इस सर पर गुरुवर हाथ रहे तेरा, तेरी ज्योति जगे मन में नित्य ध्यान धरूं तेरा। इस काव्य सुधा रस वर्षा के साक्षी एवं सहभागी रहे सभी श्रोताओं एवं कवियों का आभार अध्यक्ष द्वारा व्यक्त किया गया।

# रात में तेज हवा के साथ नगर में हुई बारिश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार रात्रि नगर में तेज हवा के साथ कुछ देर हल्की बारिश हुई, जिससे सड़कें पानी से तरबतर हो गईं एवं मौसम में ठंडक घुल गई। उल्लेखनीय है कि विगत एक सप्ताह से मौसम में अचानक बदलाव देखा जा रहा है। कभी तेज तो कभी हल्की बारिश, कहीं ओलावृष्टि देखी गई। जिससे किसानों के खेतों में खड़ी पकी हुई फसलें एवं खेतों में कटी पड़ी फसलें भीग गईं। जिससे गेहूं की फसल का रंग चला गया है, अब किसानों को इस गेंहू को कृषि उपज मण्डी में विक्रय करते समय दाम कम मिलेंगे। शुक्रवार को दिन भर तेज धूप निकलने के बाद शाम के समय मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। अचानक से आसमान में काले बादल छाए, जिसके बाद तेज हवा के साथ रात्रि के समय बारिश का दौर शुरु हो गया। बारिश शुरु होते ही नगर में बिजली विद्युत कंपनी द्वारा बंद कर दिया गया।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई

# दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल परिजनों को सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर थाना पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो अलग-अलग मामलों में दो नाबालिग बालिकाओं को सकुशल परिजनों को सौंपने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 2 अप्रैल 2026 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी 17 वर्ष 3 माह की नाबालिग पुत्री को दिनांक 1 अप्रैल 2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। जिस पर थाना सिटी थाने में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं एक अन्य फरियादी ने अपनी 14 वर्षीय नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा सतत तलाश एवं पतारसी करते हुए भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों प्रकरणों में कार्रवाई की गई। दिनांक 3.04.2026 को दोनों नाबालिग बालिकाओं को गंजबासौदा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से सकुशल दस्तयाब किया गया। दस्तयाब बालिकाओं के न्यायालय में कथन कराए जाकर उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक संजय वेदिया, राधेश्याम यादव, राकेश सेन, लखन सिंह, शिवानी मिश्रा की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील है कि किसी भी गुमशुदगी की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या डायल 112 पर दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### शिकायती आवेदन दिया

**गंज बासौदा।** शनिवार को सिटी थाना प्रभारी को त्योंदा रोड निवासी कैफ अहमद ने एक शिकायती आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि अज्ञात महिला द्वारा मेरी सवा दो साल की बेटी को ले जाने की कोशिश की गई। आवेदन में कहा गया है कि शाम 6.30 बजे मैं अपनी दुकान पर था तभी मेरी मम्मी का मेरे पास फोन आया जिन्होने बताया कि करीब 10 मिनट पहले, सवा दो साल की पोती घर के बाहर खेल रही थी तभी एक नकाब पोश औरत आयी और उसे मोबाईल देने के बहाने अपने पास बुलाकर ले जाने लगी। इस बीच पास में रहने वाली सारा सिद्दिकी, राबिया सिद्दिकी ने उक्त अनजान महिला को देख लिया और उसे टोका तो वह महिला बालिका को छोड़कर पास में खड़ी मोटर साईकिल जिस पर एक व्यक्ति बैठा था उसके साथ भाग गई। शिकायती आवेदन में वैधानिक कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

# भाकिसं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शनिवार को भारतीय किसान संघ द्वारा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अनुभा जैन को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की राशि जिन किसानों द्वारा बैंक में नियत दिनांक तक जमा कर दी गई है, उनको विगत वर्षों के नियमानुसार 5 दिनों के बाद बैंक वापिस दी जाए, जिला सहकारी मुख्य ब्रांच गंज बासौदा में राशि जमा करने एवं निकालने में घंटों इंतजार करना पड़ता है जिससे किसानों को परेशानी होती है, किसानों को बैठने की व्यवस्था एवं पेयजल के लिए शुद्ध पानी एवं शौचालय की व्यवस्था की जाए, खसरा खतौनी वाला पोर्टल खोला जाए, जिससे किसानों को सुगमता से खसरा बी1 उपलब्ध हो सके।

चना, मसूर तुलाई के नए केंद्र पर स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया चालू कर तुलाई शुरू कराई जाए, शासन के आदेश अनुसार नियत दिनांक 10 अप्रैल से गेहूं तुलाई शुरू करते हुए सभी उपार्जन केन्द्रों को चालू किया जाए। इस अवसर पर संभागीय उपाध्यक्ष भगवान सिंह रघुवंशी, जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, जिला मंत्री महेन्द्र सिंह रघुवंशी, तहसील अध्यक्ष भगत सिंह रघुवंशी, तहसील मंत्री भवानी शंकर शर्मा, सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर ट्रॉली और बुलट की हुई टक्कर



**गंजबासौदा।** शुक्रवार की रात को बरेठ रोड पर एक बुलट और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर हो गई, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी। हालांकि इस दुर्घटना के बाद क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी अप्राप्त है।

### विप्र समाज की बैठक आज



**गंजबासौदा।** आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारी एवं कार्यक्रम रूपरेखा तय करने हेतु ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन रविवार को शाम 5 बजे ब्राह्मण समाज धर्मशाला बेदनखेड़ी में किया जा रहा है। बैठक में पूजन कार्यक्रम, शोभायात्रा, मंच व्यवस्था, स्वागत सम्मान, भोजन प्रसादी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। ब्राह्मण समाज ने सभी वरिष्ठजन, युवा साथी एवं मातृशक्ति से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

## हरिभूमि से चर्चा में पं बागमल जैन ने बताया इतिहास

# ऋषि मुनियों की तपस्थली नसियां जी के नाम से है प्रसिद्ध जैन तीर्थ







### मुनिश्री सुधा सागर महाराज के आशीर्वाद से हो रहा जैन नसियां जी का उद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

विंध्याचल की श्रेणियों में श्री दिगम्बर जैन समाज सिरोंज का एक तीर्थ क्षेत्र जो अनेक ऋषि मुनियों की तपस्थली होने से नसियां जी के नाम से प्रसिद्ध रहा है। हरिभूमि संवाददाता राजीव जैन सैनानी से चर्चा करते हुए जैन तीर्थ क्षेत्र नसिया जी का इतिहास बताते हुए जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी पं बागमल जैन ने बताया कि जैन तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर अनेक खम्भों पर तनी पुरानी नसियां जिसमें गुफानुमा कोठियां बनी हुई हैं। एक गर्भ गृह में चरण तथा उसके सामने मंडप में मूर्तियों के अवशेष पुरातन समृद्ध इतिहास का संदेश सुनाती हुई प्रतीत होती है। पूर्वजों से सुनते आ रहे हैं कि यह क्षेत्र और भी विस्तृत था। पास ही एक पहाड़ी पर बने जैनेत्तर भवन में लगे पाषाण,बावड़ी में चंदा सिंघई के नाम का बीजक एवं बड़े मंदिर में पुराने कुछ बर्तनों पर यही नाम खोज के विषय हैं।

बड़ी नसियां के पास ही आंगन में छोटी नसियां जिसमें छोटे छोटे कमरे मानो साधुओं के निवास की गाथा के साक्षात प्रमाण हों तथा इन्हीं कमरों से लगी बडे.बडे.खंभों पर टिकी हुई दालानें मन मोह लेती हैं। अनेकों छत्री जो मंदिरों में रुपांतरित हो चुकी हैं। यह क्षेत्र काल के प्रभाव एवं आततायियों के कारण लम्बे समय तक धूमिल सा रहा। वर्ष में एक वार मेला तथा जमीन घास फूस से युक्त जिस पर सफाई होकर मेले के तम्बू लगते। भगवान महावीर स्वामी के 2500 वें निर्वाण महोत्सव सन 1974 के वार्षिक विमानोत्सव में आयोजित अधिवेशन में भगवान वाहुवली स्वामी की मूर्ति स्थापित करने का संकल्प जैन समाज द्वारा लिया गया। वर्ष 1977 में राजस्थान से मूर्ति तैयार होकर आ गई थी जो 12 वर्षों के उपरांत मंदिर निर्माण के साथ ही सन् 1989 में परम् पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी ससंघ सान्निध्य में मुनि पुंगव निर्यापक श्रमण श्री 108 सुधासागर जी द्वारा दिए गए सूरी मंत्र से प्रतिष्ठित होकर स्थापित की गई। अतिशय कारी बाहुबली स्वामी के अनेकों अतिशय समाज ने महसूस किये हैं। तब से ही पुरानी सभी छत्रियां भी मंदिर बनकर तीर्थंकरों की अनेक मनोज्ञ प्रतिमाओं के दर्शन कराती हैं।

### पीतल की अद्भुत अतिशय कारी मूर्ति

नसियां जी पर अनेक अतिशय कारी मूर्तियां हैं जिनमें से एक पार्श्व नाथ भगवान की पीतल की अद्भुत अतिशय कारी मूर्ति है। 13 वीं शताब्दी की यह मूर्ति ग्राम गोपाल नगर के मंदिर से लाकर आदिनाथ मंदिर में विराजमान की गई है। इस मूर्ति के ऊपर सर्पाकृति में 9 फण छत्राकार, चरणों के नीचे नवग्रह तथा कालसर्प से दौनो ओर से जकड़े हुए मानव आकृति सुशोभित है मानो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि इस मूर्ति की अर्चना जो सच्चे भावों से करेगा उसके जीवन पर कुंडली में गोचरित नवग्रह तथा कालसर्प योग का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सिरोंज नगर के पास एक धर्मपुर गांव है। जिसमें विगत कई वर्षो से एक काले पाषाण से निर्मित दिगम्बर जैन मूर्ति जिसे पुरातत्व विभाग ने पार्श्व नाथ जैन मूर्ति के नाम से उल्लेखित किया गया था। आस पास के लोगों को इस मूर्ति के प्रति अटूट श्रद्धा थी तथा वह लोग काली तेलन के नाम से मनौती मांगकर पूरी होने पर मूर्ति पर तेल चढ़ा कर पूजा करते थे। मूर्ति चमत्कारिक ढंग से लोगों की समस्याओं का निदान करती हुई सभी के आस्था और विश्वास का केंद्र बनी हुई थी। एक बार सुरेश जैन आईएएस जिलाध्यक्ष बनकर विदिशा जिले में पदस्थ हुए एवं किसी दैवीय प्रेरणा से प्रशासन को उस चमत्कारिक मूर्ति को निकाल कर सुरक्षित नसियां जी पर स्थापित करने का आदेश जारी कर दिया। प्रशासन द्वारा मूर्ति को भू गर्भ से सुरक्षित निकाल तो लिया परन्तु अनेक प्रयत्न करके भी सफलता न मिली। सुबह से ही माननीय अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नगरीय अधिकारी ट्राली,चैनकुप्पी,रस्सी,सब्बल एवं अन्य सामग्री के साथ प्रयास रत थे परन्तु मूर्ति टस से मस नहीं हो रही थी,एक वार जैसे तैसे चैन कुप्पी से उठी तथा ट्राली को क्षति पहुंचा कर वापस वहीं स्थापित हो गयी। जिलाध्यक्ष को दूरभाष पर जब प्रशासन ने असमर्थता व्यक्त करते हुए पूरी बात बताई तो उन्होंने बताया कि अतिशय कारी मूर्ति है,इस तरह से नहीं जाएगी। किसी विद्वान के मार्ग दर्शन में ही कार्य संभव है। प्रशासन ने स्थानीय विद्वान पं श्री पन्नालाल जैन से संपर्क कर उन्हें साथ लेकर प्रयास किए। पंडित जी ने सर्वप्रथम मंगलाष्टक,दिगवंदना,रक्षा मंत्र,शांति मंत्र एवं सिद्ध भक्ति कर मूर्ति को शुद्ध प्रासुक जल से अभिषेक कर प्रक्षालित किया। स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देखो यह मूर्ति पुरुषाकार है इसलिए काली तेलन नहीं है, स्पष्ट दिगम्बर, अश्व चिन्ह से युक्त तीसरे तीर्थंकर भगवान संभव नाथ स्वामी की जैन मूर्ति है। आप सहर्ष दे जाने में सहयोग करें। पंडित जी ने वहां के रक्षक देव एवं दिक्पाल आदि से अनुमति ली तथा नगर पालिका के कर्मचारी तथा ट्राली बदल कर शुद्ध वस्त्र धारी लोगों से टूटी रस्सी जोड़ कर उन्हीं संसाधनों से थोड़ा सा प्रयास किया मूर्ति फूलों की तरह ट्राली में विराजमान हो गयी एवं सम्पूर्ण वातावरण जयकारों से गूंज उठा। कुछ ही वर्षों बाद 2009 में मुनि श्री निर्णय सागर महाराज का आगमन हो गया। मुनि श्री के सान्निध्य में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में यही मूर्ति पुनः प्रतिष्ठित कर उच्च स्थान पर विराजमान की गई है। तभी से भू गर्भ से प्राप्त अतिशय कारी चैतन्य चमत्कारी संभव नाथ भगवान आस्था और विश्वास के प्रतीक जिनोदय तीर्थ क्षेत्र की पहचान हैं। उस भू गर्भ में और मूर्तियां भी हो सकती हैं। जैन समाज को उस स्थान पर मंदिर बनाकर चरण स्थापित कर प्रतिवर्ष प्राकट्य दिवस पर उत्सव करना चाहिए। आज नसियां जी धूमिल नहीं है वल्कि श्री दिगम्बर जैन जिनोदय तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकास शील है।

# बिजली बिल भरपाई करने गेहूं की बोरी लेकर बिजली कार्यालय पहुंचे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




बिजली विभाग द्वारा किसानों पर वसूली के लिए की जा रही सख्ती और किसानों का गेहूं सरकार द्वारा नहीं खरीदे जाने से परेशान होकर कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में बडी संख्या में क्षेत्र के किसान ट्रॉली में गेहूं की बोरीयां भरकर बिजली विभाग कार्यालय पहुंचे।

इस अवसर पर कार्यालय में मौजूद अधिकारियों से किसान नेता ने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी और लाइनमैन गांव गांव बंदूकधारी गार्ड के साथ जाकर वसूली के लिए किसानों पर दबाव बन रहे हैं जबकि किसानों का गेहूं अभी तक सरकार ने खरीदना चालू नहीं किया है और किसान फसल ना बिक पाने के कारण बेहद आर्थिक परेशानियों से जूझ रहा है कई बार मांग करने पर भी मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार गेहूं खरीद में तारीख पर तारीख आगे बढ़ती जा रही है और किसानो का गेहूं खलिहानो में पड़ा हुआ प्रतिदिन हो रही बारिश से भीग कर खराब हो रहा है किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने मांग करते हुए कहा कि विद्युत मंडल इन किसानों के गेहूं की बोरियां रखकर अपना बिल क्लियर कर ले क्योंकि किसानों के पास जमा करने को नगद रुपए नहीं है उन्होंने मध्य प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि अविलंब किसानों की गेहूं की फसल की तुलाई सुनिश्चित की जावे जिससे कि किसानों का आर्थिक शोषण ना हो सके और वह अपने चार महीने की मेहनत गेहूं की फसल को बेचकर अपने घर परिवार के आवश्यक कार्यों को कर सके यदि शीघ्र गेहूं की खरीद समर्थन मूल्य केंद्रों पर चालू नहीं होती है तो किसानों द्वारा सिरोंज क्षेत्र में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

### रहली में क्षत्रिय महासभा की बैठक, सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर मंथन

**रहली।** सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विचार-विमर्श और धन संग्रह को लेकर क्षत्रिय महासभा जिला सागर की बैठक रहली स्थित रामराजा गार्डन में सम्पन्न हुई, जिसमें क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं और सामाजिक समरसता को मजबूत बनाते हैं। बैठक को संबोधित करते हुए लखन सिंह ने कहा कि यह आयोजन पूर्व गृहमंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेन्द्र सिंह की प्रेरणा से समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन समाज की परंपराओं और संस्कारों को आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम बनेगा। लखन सिंह ने कहा कि समाज में इस प्रकार के कार्य निरंतर होते रहने चाहिए, ताकि जरूरतमंद परिवारों को सहयोग मिल सके ।

### मुगलसराय पुलिस की कार्रवाई

## चोरी का मशरूका बरामद कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना मुगलसराय पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चोरी के एक प्रकरण का खुलासा किया गया।



उक्त कार्रवाई में पुलिस द्वारा चोरी गया मशरूका बरामद कर जप्त किया गया तथा प्रकरण में 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना मुगलसराय क्षेत्र के ग्राम बाबुलखेड़ी में एक घर में अज्ञात आरोपी द्वारा सोना एवं नगद एक लाख की चोरी कर ली गई थी। उक्त सूचना पर थाना मुगलसराय में अपराध क्रमांक 31/26 पंजीबद्ध कर धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर सूचना के आधार पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा उसके कब्जे से चोरी गया मशरूका बरामद कर लिया गया। यह सराहनीय कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मुगलसराय उनि के.के. पवार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी उनि के.के. पवार,आरक्षक राहुल पटेल,आकाश राणा,सुखजिंदर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस टीम की सतर्कता, त्वरित कार्यवाही एवं समन्वित प्रयासों से शीघ्र सफलता प्राप्त हुई है।

### रबी उपार्जन 15 से होगा आरम्भ

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार, जिले के विभिन्न खरीदी केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण एसडीएम एवं तहसीलदारों द्वारा किया गया। जिले में रबी उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल से आरम्भ हो रहा है। उपार्जन के सुचारू और सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर द्वारा विस्तृत निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। इसी परिपेक्ष्य में एसडीएम एवं तहसीलदारों द्वारा विभिन्न उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विशेष रूप से बारदाना, तोल कांटा, तकनीकी सामग्री, इंटरनेट, पेयजल तथा किसानों के बैठने के लिए छायादार स्थान, भंडारण व्यवस्था, तौल यंत्रों की सटीकता, किसानों की सुविधा, सुरक्षा उपायों आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### भारतीय जनता पार्टी की जिला स्तरीय बैठक आज

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी सागर जिला की जिला स्तरीय बैठक रविवार को शाम 5 बजे धर्मश्री स्थित संभागीय भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार शाम 6 बजे संभागीय भाजपा कार्यालय में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होकर दीप प्रज्वलित करेंगे तथा संगठन के प्रति समर्पण एवं राष्ट्रहित के संकल्प को दोहराएंगे। भाजपा जिला महामंत्री एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम संचालन जिला टोली संयोजक चैन सिंह ठाकुर ने सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है। स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के समर्पण, संघर्ष और संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है। दीपोत्सव के माध्यम से कार्यकर्ता संगठन की एकता, सेवा और 'राष्ट्र प्रथम' के संकल्प को और अधिक मजबूत करेंगे। संगठन विचारधारा और सेवा भावना को लेकर समाज के बीच कार्य कर रहा है ।

## वार्ड चार में चलाया बावड़ी कुआं और आसपास सफाई अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम मनीष जैन के निर्देशन में स्थानीय प्रशासन एवं नगर परिषद कुरवाई द्वारा "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत आज वार्ड संख्या 4 में स्थित प्राचीन बावड़ी एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया।

इस अभियान का उद्देश्य जल स्रोतों को संरक्षित करना, उन्हें पुनर्जीवित करना तथा आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाना था। अभियान के तहत बावड़ी में जमा गंदगी, मलबा, पॉलिथीन एवं अन्य ठोस कचरे को हटाया गया। साथ ही आसपास के नालों, गलियों एवं सार्वजनिक स्थानों की भी साफ-सफाई की गई। प्रशासनिक अधिकारियों, सफाई कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिकों ने मिलकर इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर नागरिकों को जल संरक्षण, कचरा प्रबंधन और बावड़ियों जैसी विरासत संरचनाओं के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। स्थानीय लोगों ने कुछ दिन पहले इस बावड़ी के आसपास गंदगी को लेकर शिकायत की थी जिस पर एसडीएम द्वारा तत्काल संज्ञान में लेकर बावड़ी के आसपास साफ सफाई के निर्देश दिए। इस पहल की सराहना करते हुए स्थानीय लोगों ने कहा कि बावड़ी की सफाई से न सिर्फ पानी की गुणवत्ता सुधरेगी बल्कि क्षेत्र में बीमारियों में भी कमी आएगी। नगर परिषद ने आश्वासन दिया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से जारी रहेंगे और जल स्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए सख्त निगरानी व्यवस्था लागू की जाएगी।

## श्री रामचरित मानस सम्मेलन के दूसरे दिवस में धर्म, आचरण और भक्ति पर की गहन चर्चा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरवाई

नगर के श्री मुरलीधर मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री रामचरित मानस सम्मेलन एवं संगीतमय श्री रामकथा के दूसरे दिवस का कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के माहौल में सम्पन्न हुआ।

कथा व्यासों और वक्ताओं ने अपने प्रवचनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में ब्रह्मचारी जी महाराज ने इंद्र और वृत्रासुर के युद्ध प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने वृत्रासुर को वरदान प्रदान किया था, जिससे यह कथा हमें धर्म, नीति और भगवान की लीला का गूढ़ संदेश देती है। वहीं अरुण गोस्वामी ने रावण के अभिमान का उदाहरण देते हुए कहा कि अभिमान ही पतन का कारण बनता है। उन्होंने दांपत्य जीवन में धर्म और आचरण की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि जब तक हमारा आचरण शुद्ध नहीं होगा, तब तक भगवान की सच्ची भक्ति का अंकुरण संभव नहीं है। जीवन को सार्थक बनाने के लिए सदाचार आवश्यक है। कथा व्यास नीलम गायत्री जी ने भगवान शिव के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव स्वयं रामलला के दर्शन करने के लिए मदारी का रूप धारण कर पहुंचे थे। इस कथा ने श्रद्धालुओं को भक्ति और प्रेम के अद्भुत भाव से भर दिया।

इसमें मंच संचालक भगवान प्रसाद शास्त्री ने भी भगवान के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति रस में डूबकर कथा का आनंद लिया।

## विदिशा ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ऑनर्स एसोसिएशन में सम्मान समारोह

### वरिष्ठ पदाधिकारियों को संरक्षक पद से नवाजा गया



**विदिशा।** विदिशा ट्रक एवं ट्रांसपोर्ट ऑनर्स एवं एसोसिएशन द्वारा आज संस्था के भवन में एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारियों, संस्थापक सदस्यों एवं वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान करते हुए उन्हें संरक्षक पद से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परम संरक्षक के रूप में नाथुलाल जैन, राजमोहन कपूर, अजय अरोड़ा, आज्ञाराम (चाचा जी) एवं श्रीराम अरोरा को सम्मानित किया गया। वहीं संरक्षक पद हेतु संस्था के दो बार सचिव एवं पांच बार अध्यक्ष रहे संजय भंडारी सहित रणवीर सिंह राजपूत, राजेश जैन एवं श्री झिलमिल सिंह को मनोनीत कर उनका सम्मान किया गया। इसके साथ ही कार्यकारी सदस्यों में वीर सिंह दांगी, संजीव अरोरा, भोगीराम लोधी, हरिबाबू लोधी, बलवंत सिंह लोधी, महेंद्र सिंह, दलविंदर सिंह, याकूब खान, गुलाब सिंह लोधी, नायाब अफजल जहाँ, मोहम्मद जाकिरुल्ला एवं मोहम्मद जहीर खान को शामिल किया गया। कार्यक्रम में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जजविंदर सिंह संधू, उपाध्यक्ष सोनू यादव, सचिव रितेश जैन (मोनू), कोषाध्यक्ष हेमंत मुले एवं सहसचिव शरद अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में में संस्था के पूर्व अध्यक्ष संजय भंडारी ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी से अपील की कि वे निरंतर संस्था के हित में कार्य करते रहें तथा संगठन को मजबूत बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने अटल पार्क का किया औचक निरीक्षण

# अटल पार्क की स्वच्छता व्यवस्था में कमी देखकर संचालक व रख-रखाव एजेंसी को नोटिस देने के लिए निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शहर में बने पार्क हरियाली और सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षक प्रदूषण नियंत्रक समृद्ध ऑक्सीजन बैंक हैं, इनकी देखरेख और रखरखाव आवश्यकतानुरूप समय पर करें उक्त सख्त निर्देश निगमायुक्त सह कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने शनिवार को अटल पार्क का ओचक निरीक्षण कर दिये।

उन्होंने अटल पार्क में साईकिल ट्रेक, पैदल पाथवे, अटल मूर्ति प्रांगण, ओपन ऐयर थिएटर सहित विभिन्न स्थलों का जायजा लिया और अटल पार्क में पड़ी खाली प्लास्टिक बॉटल, रेपर आदि कचरा देखकर संचालक व रखरखाव प्रबंधक एजेंसी को नोटिस देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा की स्वच्छ भारत मिशन के तहत राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सागर शहर को प्रथम स्थान पर लाने के लिए समग्र प्रयास किये जा



रहे हैं ऐसे में जरा सी भी लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा की तत्काल स्वच्छता सुनिश्चित करें व आवश्यकतानुसार रिपेयरिंग और पेंटिंग कार्य करायें ताकि अटल पार्क व्यवस्थित और आकर्षक दिखे। स्वच्छता में कमी की कोई गुंजाइस न रहे। सूखी पत्तियों को कम्पोस्ट पिट हौदी में एकत्र कर खाद का निर्माण करें। पार्कों की सूखी पत्तीयां आदि कचरा यहीं के यहीं खाद बनकर उपयोग में लें। सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलीथिन, प्लास्टिक पानी बॉटल आदि पार्क ने न ले जाने दें। इससे पार्कों में गंदगी कचरे को कम किया जा सकेगा। पार्क में घूमने आने वालों को सख्त हिदायत दें की खाद्य पदार्थों के रेपर आदि अन्य कचरा नजदीकी डस्टबिन में ही डालें। पार्क में यहां वहां कचरा फैलाने वालों पर सीसीटीवी एवं अन्य निगरानी के माध्यम से जुर्माना करें। डस्टबिन में एकत्र कचरा कूड़ा कचरा कलेक्शन वाहनों में देकर प्रोसेसिंग प्लांट पहुंचाना सुनिश्चित करें। निगम प्रशासन और नागरिकों के बीच विभिन्न सेवाओं की प्रबंध एजेंन्सीयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है पार्कों के संचालन व रखरखाव को और बेहतर बनाएं। स्वच्छता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। यहां के शांत और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण में बच्चे, बुजुर्ग, युवा, महिलाएं व पुरुष आदि स्थानीय नागरिक स्वास्थ्य लाभ लेने आते हैं यहां स्वच्छता व्यवस्था सहित प्रत्येक अत्यावश्यक सुविधा बेहतर हो। ताकि सुबह शाम यहां आने वाले आगनतुकों को सर्वसुविधायुक्त हैल्दी वातावरण का लाभ मिले। और यहां की स्वच्छता देखकर उन्हें भी स्वच्छता अपनाने की प्रेरणा मिले।

### महंगाई के विरोध में सड़क पर उतरी खुरई ब्लॉक कांग्रेस, प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**खुरई।** गैस सिलेंडर मूल्य वृद्धि, अपर्याप्त उपलब्धता, खाद्य पदार्थों की मूल्य वृद्धि एवं पेट्रोल-डीजल की कमी, खुरई शहर के बाहर संपूर्ण शराब दुकानों को स्थापित करने की मांग एवं किसानों की समस्याओं सहित भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खुरई शहर एवं ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेसजनों ने राजीव चौक से एस.डी.एम. ऑफिस तक हाथों में खाली सिलेंडर, स्लोगन लिखी तख्तियाँ, साईकिल और झंडे लेकर ब्लॉक कांग्रेस खुरई के ग्रामीण अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला एवं खुरई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एड.शाकिर खान के नेतृत्व में प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम संबोधित ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी मनोज चौरसिया को सौंपा। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ग्रामीण ब्लॉंक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरविंदर सिंह चावला ने कहा कि देश की जनता पहले ही महंगाई की मार झेल रही है और अब घरेलू गैस की किल्लत ने लोगों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता को भ्रमित करने के बजाय रसोई गैस की कमी दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। खुरई (शहर) ब्लॉंक कांग्रेस अध्यक्ष एड.शाकिर खान ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार आम लोगों की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज कर रही। उन्होंने कहा कि गैस सिलिंडरों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं और कई जगहों पर समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही। सरकार तत्काल गैस आपूर्ति को सुचारू करे और कीमतों पर नियंत्रण लगाए, ताकि आम परिवारों को राहत मिल सके। एवं चेतावनी दी कि यदि गैस की किल्लत और महंगाई सहित स्थानीय समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो और बड़े आंदोलन किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### कयामपुर गांव में बाघ ने गाय का किया शिकार

**दीवानगंज।** ग्राम पंचायत जमुनिया के गांव कयामपुर में बीती देर रात बाघ ने एक गाय का शिकार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान बाबूलाल कुशवाहा के खेत पर बनी टपरिया में उनकी गाय बंधी हुई थी। देर रात बाघ टपरिया में घुस आया और गाय पर हमला कर दिया। रस्सी से बंधी होने के कारण बाघ गाय को ज्यादा दूर नहीं ले जा सका और वहीं उसका शिकार कर लिया। घटना से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### सीताराम महायज्ञ व राम कथा का हुआ समापन

**रायसेन।** नगर के प्रसिद्ध खुनखुन बाग वाले श्री हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान एक सप्ताह से शुरू हुई श्रीराम कथा एवं श्रीराम महायज्ञ आयोजन का शनिवार को समापन हो गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु बालाजी सरकार के दर्शन करने एवं राम कथा सुनने तथा श्री राम महायज्ञ के आयोजन में शामिल होने के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ श्री राम महायज्ञ शाला के परिक्रमा कर दर्शन किए एवं प्रांगण में श्रीराम कथा का आनंद लिया। हनुमान जी महाराज के दर्शन पश्चात लोगों ने प्रसादी ग्रहण की एवं रात के समय में होने वाली महा आरती में भाग लेकर धर्म का लाभ उठाया।

---

## अफवाहों के चलते स्टॉक करने में जुटे लोग, प्रशासन ने सख्ती नहीं बरती तो बढ़ सकती हैं मुश्किलें

# प्रशासन की अनदेखी से हादसे का बना खतरा, पेट्रोल डीजल व गैस सिलेंडर की जमाखोरी पड़ सकती है भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती जमाखोरी अब चिंता का विषय बनती जा रही है। आपूर्ति को लेकर फैली अफवाहों के बीच लोग वाहनों में फुल टैंक करवा रहे हैं। घरों में पेट्रोल-डीजल असुरक्षित तरीके से कैनो में भरकर रख रहे हैं और रसोई गैस सिलेंडरों का अतिरिक्त स्टॉक भी जमा कर रहे हैं। यह कभी भी खतरनाक साबित हो सकता है। अधिकारियों के सख्त निर्देश के बावजूद भी लोग घरों और गोदामों में अतिरिक्त स्टॉक जमा कर रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को ऐसे लोगों पर सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है।

गौरतलब है कि डीजल पेट्रोल और रसोई गैस सिलेंडरों की सप्लाई को लेकर सरकारें भी हरसंभव प्रयास कर रही हैं। डिमांड के अनुरूप सप्लाई भी हो रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक यह जमाखोरी की प्रवृत्ति न केवल बाजार की सप्लाई को प्रभावित कर रही है। बल्कि आगजनी और बड़े हादसों का कारण भी बन सकती है। शहर के साथ-साथ तहसील ,ग्रामीण इलाकों में भी पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर अचानक भीड़ बढ़ी है।

**रसोई गैस सिलेंडर, डीजल, पेट्रोल की जमाखोरी से बढ़ रहा खतरा, प्रशासन करें जिम्मेदारों पर हो कड़ी कार्रवाई**

**रसोई गैस सिलेंडर की जमाखोरी से सप्लाई पर पड़ रहा है असर।**





### जानकारों ने कहा- घबराहट में न करें ज्यादा स्टॉक

कई लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीदकर घरों और गोदामों में रख रहे हैं। खुले में या असुरक्षित तरीके से पेट्रोल-डीजल का भंडारण बेहद खतरनाक माना जाता है। ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण थोड़ी सी चिंगारी भी बड़ी दुर्घटना में बदल सकती है। घरों में रखे ज्वलनशील पदार्थों का गर्म होना और सिलेंडरों की अनुचित हैंडलिंग आग लगने की आशंका को कई गुना बढ़ा देती है। जानकारों का कहना है कि कई बार लोग घबराहट में जरूरत से अधिक स्टॉक कर लेते हैं, लेकिन यही आदत बाद में उनके लिए मुसीबत बन सकती है।

सूत्रों के अनुसार बाजार में फिलहाल सप्लाई सामान्य बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। लेकिन लोगों द्वारा की जा रही जमाखोरी के कारण कृत्रिम संकट जैसी स्थिति बन सकती है। यदि कुछ लोग बड़ी मात्रा में पेट्रोल, डीजल या गैस सिलेंडर खरीदकर जमा करते हैं, तो जरूरतमंद उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ सकती है। वहीं इससे कालाबाजारी की संभावना भी बढ़ जाती है।

### पेट्रोल-डीजल की खुलेआम बिक्री पर रोक की जरूरत

जिला प्रशासन और संबंधित विभागों को अब इस पर सख्त निगरानी की जरूरत है। खुले में पेट्रोल-डीजल बेचने वालों, बिना सुरक्षा इंतजाम के भंडारण करने वालों और रसोई गैस का व्यावसायिक उपयोग या अवैध स्टॉक करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेट्रोल-डीजल की खुलेआम बिक्री पर रोक लगाने की जरूरत है।

वहीं शहर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि अफवाहों से बचना चाहिए और जरूरत के मुताबिक ही खरीदारी करना सबसे सुरक्षित और जिम्मेदार कदम है। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे में बदल सकती है।

### गर्मी में आगजनी की आशंका कई गुना बढ़ी

प्रशासन से जांच और सख्त कार्रवाई की मांग। तेज गर्मी के दौरान वाहनों की टंकी में गैस बनने की संभावना बनी रहती है। जिससे वाहनों में आगजनी का खतरा बना रहता है।सिलेंडरों की जमाखोरी से बाजार में सप्लाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आगजनी के दौरान यह स्टॉक बारूद के ढेर में तब्दील हो सकता है। खुले में डीजल पेट्रोल बेचने वालों की जांच होना चाहिए। रसोई गैस सिलेंडरों का अवैध स्टॉक कर कमर्शियल व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### इनका कहना है

अगर ऐसा चल रहा है तो जल्द ही डीजल पेट्रोल और रसोईगैस सिलेंडरों की जमाखोरी करने वालों की खैर नहीं। टीम भेजकर जमाखोरी पर प्रशासन कड़ा एक्शन लेगा।

**- मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

---

# 'समाधान' योजना बनी राहत का सहारा, 52 लाख का सरचार्ज माफ कर बिजली कंपनी ने दी राहत

### सिलवानी क्षेत्र में हजारों उपभोक्ताओं ने जमा की बकाया राशि, सख्ती के बीच वसूली अभियान तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की समाधान योजना सिलवानी वितरण केंद्र के उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। योजना से न केवल उपभोक्ताओं को बिजली बिल में सरचार्ज से मुक्ति मिली है, बल्कि उन्हें बकायादार से बाहर निकलने का भी अवसर प्राप्त हुआ है।

जानकारी के अनुसार, सिलवानी वितरण केंद्र के अंतर्गत कुल 4646 उपभोक्ताओं ने समाधान योजना में पंजीयन कराया। इन उपभोक्ताओं का लगभग 52 लाख रुपये का सरचार्ज बिजली कंपनी द्वारा पूरी तरह माफ कर दिया गया। इसके बदले उपभोक्ताओं ने केवल मूल बकाया राशि का भुगतान किया, जो कुल मिलाकर 1 करोड़ 95 लाख 79 हजार रुपये रही। भुगतान के बाद उपभोक्ताओं को विधिवत रसीद प्रदान की गई, जिससे उन्हें भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बिजली कंपनी ने जहां एक ओर उपभोक्ताओं को राहत देने की पहल की है, वहीं दूसरी ओर बकायादारों के खिलाफ सख्त रुख भी अपनाया है। सिलवानी वितरण केंद्र के अंतर्गत लगभग 26 हजार उपभोक्ताओं में से करीब 3 हजार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन बकाया राशि न चुकाने के कारण अस्थायी रूप से विच्छेदित कर दिए गए हैं। कंपनी ने ऐसे उपभोक्ताओं को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही बकाया राशि जमा नहीं की गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।कंपनी की सख्ती का असर ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला है। सिलवानी वितरण केंद्र के अंतर्गत अभी भी लगभग 17 हजार उपभोक्ता ऐसे हैं, जो इस समाधान योजना का लाभ उठा सकते हैं।

---

# पीएम गर्ल्स स्कूल में प्रवेशोत्सव-भविष्य से भेंट कार्यक्रम

### सर्वोच्च अंक लाने वाली छात्राओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शनिवार को शासकीय पीएम कन्या हासे स्कूल में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के साथ भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने शिक्षा की महत्ता के साथ छात्राओं से अपने भविष्य का लक्ष्य निर्धारित कर परिश्रम अनुशासन के साथ निरन्तर आगे बढने से सफलता अवश्य मिलेगी का मूलमंत्र दिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए। विद्यालय में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा, सेवानिवृत शिक्षक भावसिंह मांडरे, शिव नारायण सक्सेना, राजेन्द्र बिदुआ इत्यादि का प्राचार्य यूएस अहिरवार अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया गया।




भविष्य से भेंट कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्बौधित करते हुए योग गुरु सेवा नि. शिक्षक राजेंद्र बिदुआ ने स्वथ्य जीवन, सेवा निवृत शिक्षक आचार्य सम्मान से सम्मानित बीएस मांडरे, तहसीलदार रामजी लाल वर्मा ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने लक्ष्य निश्चित कर अनुशासन के साथ आगे बढ़ने से अवश्य सफलता प्राप्त होती है।

वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ने कहा कि नियमित विद्यालय आने, मन लगाकर स्कूल और घर अध्ययन करना जरूरी है। सिर्फ पढ़ाई ही नहीं, बल्कि खेलकूंद, सांस्कृतिक, साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने से ज्ञान बढ़ता है। छात्र जीवन स्वर्णिम काल होता है शिक्षा संस्कार और ज्ञान से छात्राएं किसी भी क्षेत्र में आपने भविष्य निर्माण करने में सक्षम है।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य अहिरवार ने विभिन्न कक्षाओं के बेहतर परीक्षा परिश्रम की जानकारी दी। अंत में शिक्षक सन्तोष गोतम ने सभी का आभार व्यक्त किया।

---

## पीथमपुर से मिलीं अपहृत बालिकाएं

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत दो नाबालिग बालिकाएं बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

बम्होरी थाना पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सराहनीय कार्य करते हुए 2 अपहृत नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब कर लिया है। बालिकाओं के सुरक्षित घर लौटने पर परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है।

विशेष अभियान के क्रम में एएसपी कमलेश कुमार एवं एसडीओपी अनिल मौर्य के मार्गदर्शन में बम्होरी थाना स्तर पर एक विशेष टीम गठित की गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों मामलों में फरियादियों ने विगत 1 अप्रैल को थाना बम्होरी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उनकी नाबालिग बेटियों को बहला-फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने तत्परता से अपहरण का मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

थाना प्रभारी प्रीतम सिंह राजपूत के नेतृत्व में गठित टीम ने लगातार प्रयास करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। इसके परिणाम स्वरूप 3 अप्रैल 2026 को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दोनों अपहृत बालिकाओं को पीथमपुर से सकुशल बरामद कर लिया गया।

कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रीतम सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक रोहित, आरक्षक नागेंद्र, संदीप एवं सिद्धार्थ का विशेष योगदान रहा। पुलिस की सफलता से सुरक्षा के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है।

---

# अंबाड़ी-मुस्काबाद मार्ग बदहाल, गारंटी खत्म होने से पहले मरम्मत किए जाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के ग्राम अंबाडी से लेकर मुस्काबाद तक 1.740 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग इन दिनों बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। यह सड़क वर्ष 2016 में करीब 95.62 लाख रुपये की लागत से बनाई गई थी, जबकि इसके रखरखाव के लिए ठेकेदार को 3.17 लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के बाद से ही इसकी सही तरीके से देखरेख नहीं की गई, जिसके चलते आज सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों के कारण आए दिन वाहन चालक परेशान हो रहे हैं और हादसों का खतरा भी बढ़ गया है।



स्थिति को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि अगले महीने ठेकेदार की गारंटी अवधि समाप्त होने वाली है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गारंटी खत्म हो गई तो सड़क की मरम्मत की जिम्मेदारी से ठेकेदार बच सकता है और सड़क की हालत और भी खराब हो जाएगी।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि गारंटी पीरियड खत्म होने से पहले ही ठेकेदार को सड़क की तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके और भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### इनका कहना है

लगभग 2 किलोमीटर मार्ग की गारंटी अगले महीने खत्म होने वाली है इसके बाद ठेकेदार रोड पर काम नहीं करेगा ठेकेदार को रोड की मरम्मत करना चाहिए ताकि एक दर्जन से ज्यादा गांव वालों को रोड की सुविधा मिल सके। रोड की हालत खराब हो गई है जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं जिस कारण राजगीर परेशान हो रहे हैं।

**- कुंती रमेश कुमार अहिरवार,** सरपंच, ग्राम पंचायत अंबाड़ी।

---

## विदिशा रेलवे स्टेशन पर पूर्व सैनिकों और परिजनों ने किया गर्मजोशी से अभिनंदन

# 22 साल की सेवा के बाद सैनिक धीरज सिंह राजपूत का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

भारतीय सेना में 22 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद सैनिक धीरज सिंह राजपूत अपने गृह नगर लौटे, जहां उनका विदिशा रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। धीरज सिंह, खुमान सिंह के पुत्र हैं तथा विनोद कुमार एवं प्रमोद सिंह के छोटे भाई हैं। उनकी वापसी पर भूतपूर्व सैनिकों, परिजनों एवं मित्रों ने फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत कर उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान स्टेशन परिसर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और उपस्थित लोगों ने सैनिक के प्रति सम्मान व्यक्त किया।



स्वागत कार्यक्रम में नरेश यादव, ताराचंद्र विश्वकर्मा, रविंद्र यादव, दिलीप साहू, बाबूलाल, हरनाम सिंह, महेश बघेल, छतर सिंह राजपूत, बलराम कुशवाह, टोटन राजपूत, राजा राजपूत सहित बड़ी संख्या में मित्र व परिजन मौजूद रहे।

---

## मौसम का रुख देखकर किसानों की अटकी सांसें

**खेतों में खड़ी फसल खुले आसमान में लगे गेहूं के ढेर**

# तेज हवाएं चलने के साथ छाए रहे काले घने बादल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शनिवार को सुबह से मौसम का बिगड़ा रोद्र रूप किसानों के लिए भारी चिन्ता का विष बना रहा। खेतों में गेंहू की फसलें खड़ी है। वहीं किसानों की कटी फसल के ढेर खुले आसमान के नीचे लगे हुए है। तेज हवाएं चलने के साथ छाये बादलों के कारण ऐसा लगा कि अब बारिश होने वाली है। कही-कही बारिश की बौझारें, बूंदाबांदी होने से हवाओं में ठण्डक बनी रही।

शनिवार की बीती रात तेज हवा आंधी चली। सुबह से सूरज निकलने के स्थान पर घने बादलों में छिपा रहा। कि में अनेक बार बादलों की इतनी सघनता बढ़ी कि लगा कि अब तेज बारिश होगी। क्षेत्र में अभी भी खेतों में गेंहू की फसलें खड़ी हुई उन पर आसमानी आफत के बादल बने हुए है।



### पन्नी-तिरपाल से ढांक कर बचा रहे फसल

दूसरी ओर जिन किसानों का गेंहू, चना कट गया घर आंगन और खुले आसमान के नीचे गावों में खलिहानों में ढेर लगे हुए है। जिन्हे बारिश से बचाने पन्नी, तिरपाल से ढांक दिया है परन्तु तेज आंधी हवाओं के जोर से पन्नीयां उड़ रही है। बदले मौसम और बिगड़े रोद्र रूप से क्षेत्र के हजारों किसानों की फसलों पर आसमान आफत के बादल मंडराने से किसानों के दिलों की धडक़ने नुकसान की आशंका में तेजी से धडक़ रही है।

---

## केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तैयारियों का लिया जायजा

# राष्ट्रीय कृषि मेले में 50 हजार से अधिक किसानों के आने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय के दशहरा मैदान में 11 से 13 अप्रैल तक राष्ट्रीय स्तर का उन्नत कृषि मेला, प्रदर्शनी और प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगा। केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार के कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 10 अप्रैल की शाम 5 बजे होगा। शनिवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आयोजन को बेहतर, व्यवस्थित और किसान-केंद्रित बनाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, जिप अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ठाकुर, कृषि विभाग के निदेशक अविनाश लावनिया कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा, एसपी आशुतोष गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, विदिशा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश जादौन सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।



शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 11 अप्रैल को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेले का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत बीज, नई कृषि तकनीक, सरकारी योजनाओं और कृषि नवाचारों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि इस मेले में 50 हजार से अधिक किसानों, 300 से ज्यादा प्रदर्शकों, 100 से अधिक गतिविधियों और 50 से ज्यादा कृषि विशेषज्ञों की भागीदारी प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि खेती को हर हाल में फायदे का कारोबार बनाना होगा। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए किसानों को पारंपरिक खेती के साथ दलहन, तिलहन, फल, सब्जी, फूल, औषधीय फसल खेती अपनानी होगी। इससे उत्पादन बढ़ेगा और किसान के साथ व्यापारियों को भी फायदा मिलेगा।

मेले में ड्रोन तकनीक, डिजिटल एग्रीकल्चर, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, फसल विविधीकरण, जल प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य, बागवानी और कम पानी में अधिक उत्पादन जैसे विषयों पर विशेष फोकस रहेगा। साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। ताकि किसान नई तकनीकों को नजदीक से समझ सकें। इसे किसानों के लिए सीखने और अपनी खेती को उन्नत बनाने का बड़ा अवसर माना जा रहा है।

कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए केंद्रीय मंत्री ने 15 से अधिक प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वाहन जिले के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों में जाकर किसानों को मेले, प्रदर्शनी और प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देंगे।